
# The ACHIEVERS IAS ACADEMY

LANGUAGE -HINDI

# DAILY CURRENT AFFAIR

12 - 07– 2023

WEDNESDAY



### 1. भारत ने ग्रीन हाइड्रोजन पारिस्थितिकी तंत्र के लिए ड्राफ्ट और रोडमैप का किया अनावरण



नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत मंत्रालय ने ग्रीन हाइड्रोजन के निर्माण और भंडारण के लिए अनुसंधान और विकास प्राथमिकताओं को रेखांकित करने के लिए ड्राफ्ट और रोडमैप का अनावरण किया है। यह रोडमैप और ड्राफ्ट ग्रीन हाइड्रोजन के निर्माण और भंडारण के लिए अनुसंधान और विकास प्राथमिकताओं को रेखांकित करने के लिए जारी किया गया है। इस रोडमैप का मुख्य उद्देश्य कुशल, सुरक्षित और लागत कुशल हाइड्रोजन भंडारण को बढ़ावा देना है, जिससे स्वच्छ ऊर्जा स्रोत के रूप में इसे व्यापक रूप से अपनाने का मार्ग प्रशस्त हो सके। यह ऑटोमोबाइल उद्योग के भविष्य में प्रमुख प्रौद्योगिकियों के रूप में हाइड्रोजन ईंधन कोशिकाओं, उन्नत बैटरी और सुपर-कैपेसिटर के संयोजन के महत्व पर प्रकाश डालता है। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत मंत्रालय द्वारा पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, वैज्ञानिक और भारतीय अनुसंधान परिषद, भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के कार्यालय और भारतीय उद्योग परिसंघ के साथ साझेदारी में आयोजित एक सम्मेलन में नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत मंत्रालय द्वारा ग्रीन हाइड्रोजन पारिस्थितिकी तंत्र के लिए रोडमैप और ड्राफ्ट का अनावरण किया गया है।

### 2. उबिनास ज्वालामुखी में विस्फोट के कारण पेरू ने की आपातकाल घोषणा की



पेरू के भूभौतिकी संस्थान के अनुसार, ज्वालामुखी राख और गैस उगल रहा है, जो वायुमंडल में लगभग 5,500 मीटर (1,800 फीट) तक पहुंच गया है। संस्थान के अनुसार, धुएं का गुबार ज्वालामुखी से 10 किलोमीटर (6 मील से अधिक) दूर स्थित शहरों में फैल गया है। उबिनास मोकेगुआ में है, यह क्षेत्र राजधानी लीमा से 1,200 किलोमीटर या 746 मील दक्षिणपूर्व में स्थित है और यह देश का सबसे सक्रिय ज्वालामुखी है। ज्वालामुखी के आसपास के क्षेत्र में आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी गई है। यह सरकार को ज्वालामुखी में गतिविधि से होने वाले जोखिमों का मुकाबला करने के लिए "असाधारण उपाय और कार्रवाई" करने की अनुमति देता है। प्रभावित क्षेत्रों में लगभग 2,000 लोग रहते हैं। यह क्षेत्र प्रशांत महासागर के किनारे "रिंग ऑफ फायर" का हिस्सा है जो ज्वालामुखी गतिविधि और भूकंप के लिए जाना जाता है। स्थानीय अधिकारियों ने निवासियों को निकालने का आदेश नहीं दिया है, लेकिन संघीय एजेंसियां आश्रय स्थल तैयार कर रही हैं। 2019 में ज्वालामुखी फटने पर सैकड़ों लोगों को निकाला गया था। 1550 के बाद से, उबिनास में लगभग 25 विस्फोट दर्ज किए गए हैं। मोकेगुआ और अरेक्विपा और टाकना के पड़ोसी क्षेत्रों में लगभग 40 ज्वालामुखी हैं, जिनमें से अधिकांश निष्क्रिय हैं।

### 3. सीरिया ने फर्जी खबरें फैलाने के लिए बीबीसी की मीडिया मान्यता की रद्द




सीरिया के सूचना मंत्रालय ने देश में कवरेज को लेकर पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने और फर्जी खबरें फैलाने का आरोप लगाते हुए बीबीसी की मीडिया मान्यता रद्द कर दी है। ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन (बीबीसी)-अरबी ने सीरिया में मादक पदार्थों के अवैध व्यापार को लेकर हाल में एक खोजी वृत्तचित्र (डॉक्यूमेंट्री) जारी किया था, जिसमें अनुमानित तौर पर अरबों डॉलर के इस कारोबार और सीरिया सरकार व राष्ट्रपति बशर अल असद के परिवार के बीच संबंधों को रेखांकित किया गया था। सीरिया के सूचना मंत्रालय ने कहा कि चैनल को दो बार चेतावनी दी गई थी कि उसने आतंकवादी समूहों और सीरिया के शत्रुओं के बयानों व गवाहियों के आधार पर भ्रामक समाचार

प्रसारित किए हैं। सीरिया ने देश में बीबीसी रेडियो, टीवी और वीडियोग्राफी के लाइसेंस रद्द कर दिए हैं। बीबीसी ने 'एसोसिएटेड प्रेस' को ईमेल के जरिए भेजे गए एक बयान में कहा, "हम तथ्यों को स्थापित करने के लिए विभिन्न राजनीतिक समूहों के लोगों से बात करते हैं।" वह "निष्पक्ष व स्वतंत्र पत्रकारिता करता है।" "हम अरबी भाषी दर्शकों को निष्पक्ष समाचार व जानकारी प्रदान करते रहेंगे।"

### 4. आईसीएआर की अनुसंधान सलाहकार समिति की अध्यक्ष बनी नीरज प्रभाकर




जुलाई 2023 में बी. नीरज प्रभाकर को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) की अनुसंधान सलाहकार समिति (आरएसी) के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है। आरएसी अध्यक्ष के रूप में सुश्री प्रभाकर की नियुक्ति 13 जून से प्रभावी माना गाया है। सुश्री प्रभाकर इस पद पर तीन वर्षों के लिए दस सदस्यों की समिति का नेतृत्व करेंगी। सुश्री प्रभाकर श्री कोंडा लक्ष्मण तेलंगाना राज्य बागवानी विश्वविद्यालय के कुलपति हैं, इन्हें आंध्रप्रदेश के पेडावेगी में आईसीएआर-भारतीय तेल पाम अनुसंधान संस्थान (आईआईओपीआर) के लिए अनुसंधान सलाहकार समिति (आरएसी) के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया है। साथ ही सुश्री प्रभाकर तेलंगाना ऑयल पाम सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में भी कार्य की है, जो राज्य सरकार को ऑयल पाम की खेती और इसके संवर्धन के लिए विभिन्न विषयों पर सलाह देती है। तेलंगाना, भारत के सभी राज्यों में उत्पादित तेल पाम गुच्छों से सर्वाधिक तेल निकासी का दावा करता है। पेडावेगी (आंध्रप्रदेश) स्थित आईसीएआर-इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ ऑयल पाम रिसर्च (आईआईओपीआर) भारत का एकमात्र समर्पित संस्थान है जो ऑयल पाम पर शोध करने और सभी तेल पाम उगाने वाले राज्यों हेतु लागू प्रौद्योगिकियों को विकसित करने के लिए समर्पित है।

### 5. दुनिया की पहली मानव-रोबोट प्रेस कॉन्फ्रेंस जिनेवा में हुई आयोजित



सबसे एडवांस्ड ह्यूमनॉइड रोबोट ने जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र के दो दिवसीय एआई फॉर गुड ग्लोबल समिट में भाग लिया। AI रोबोट्स ने कहा कि वे दुनिया को इंसानों से बेहतर तरीके से चला सकते हैं। हालांकि, वे मानते हैं कि वे अभी तक मानवीय भावनाओं पर ठीक पकड़ नहीं बना सके हैं। इन रोबोट्स ने इंसानों को सलाह भी दी है। रोबोट्स ने कहा कि उन्हें लगता है कि इंसानों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की तेजी से विकसित हो रही क्षमता को अपनाते समय सावधानी रखनी चाहिए। स्विट्जरलैंड के जेनेवा में आयोजित इस ग्लोबल समिट में पहली बार दुनिया के सबसे स्मार्ट रोबोट्स की प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई। इस समिट में 51 आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी AI से ऑपरेट होने वाले रोबोट और लगभग 3000 एक्सपर्ट्स एक साथ आए। इन्हें एआई-सक्षम ह्यूमनॉइड सोशल रोबोट्स के खचाखच भरे पैनल के साथ दुनिया की पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस के रूप में पेश करने के लिए इकट्ठा किया गया।

### 6. नए साक्ष्यों से पता चला है कि सिंधु घाटी कांस्युगीन सभ्यता के दौरान तमिलनाडु में था लौह युग



मयिलाडुम्पराई नामक एक छोटे से गांव में खुदाई से मिले लोहे के औजारों से पता चला है कि तमिलनाडु में लौह युग 4,200 साल पुराना है, जो संभवतः इसे भारत में सबसे पुराना बनाता है। इससे पहले, दक्षिणी तमिलनाडु में आदिचनल्लूर के लौह युग के दफन स्थल से लोहे के औजारों का एक प्रभावशाली

संग्रह सामने आया था, जो वर्तमान में चेन्नई के एग्मोर संग्रहालय में रखा गया है, जो 1000 ईसा पूर्व और 600 ईसा पूर्व के बीच का है। मख्यमंत्री एमके स्टालिन ने तमिलनाडु विधानसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में 28 एक्सेलेरेटर मास स्पेक्ट्रोमेट्री-आधारित (एएमएस) साइटों की डेटिंग में से यह सबसे प्रारंभिक है। 28 साइटों में कर्नाटक और उत्तर प्रदेश की साइटें शामिल हैं। "निष्कर्षों के माध्यम से, यह स्थापित किया गया है कि 4200 साल पहले रहने वाले तमिल लोग लोहे के बारे में जानते थे। मानव जाति द्वारा लोहे के उपयोग को समझने के बाद ही घने जंगलों को उपजाऊ भूमि में बदल दिया गया।

## 7. भारत ने जून 2024 तक भूटान से आलू आयात की अनुमति दी



केंद्र सरकार ने जून, 2024 तक एक और साल के लिए भूटान से बिना लाइसेंस के आलू के आयात की अनुमति दे दी। पहले इस साल 30 जून तक ही इसकी अनुमति थी। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा कि 30 जून, 2024 तक बिना किसी आयात लाइसेंस के भूटान से आलू के आयात की अनुमति है। वर्ष 2022-23 में ताजा या ठंडे आलू का आयात 10.2 लाख डॉलर का हुआ था। एक अलग अधिसूचना में, डीजीएफटी ने कहा कि भूटान से न्यूनतम आयात मूल्य (एमआईपी) शर्त के बिना 17,000 टन ताजा (हरी) सुपारी के आयात को भी एलसीएस (भूमि सीमा शुल्क स्टेशन) चामुर्ची (आईएनसीएचएमबी) के माध्यम से अनुमति दी जाएगी। चामुर्ची, जलपाईगुड़ी जिले का एक छोटा सा गांव है। यह भूटान सीमा के करीब है। पिछली आयात नीति के तहत, 30 जून, 2023 तक भूटान से बिना किसी आयात लाइसेंस के आलू के आयात की अनुमति थी। हालांकि, हाल के घटनाक्रम के अनुसार, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने बिना किसी आयात लाइसेंस के भूटान से आलू आयात करने की अवधि बढ़ा दी है। मंत्रालय की अधिसूचना में आलू के लिए आयात नीति में विशिष्ट बदलावों की रूपरेखा दी गई है। संशोधन के अनुसार, संशोधित नीति अब 30 जून, 2024 तक बिना किसी आयात लाइसेंस के भूटान से आलू आयात करने की अनुमति देती है। यह विस्तार स्पष्टता प्रदान करता है और अतिरिक्त दस्तावेज़ीकरण और आवश्यकताओं की आवश्यकता को समाप्त करता है।

## 8. कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने पेश किया 'गारंटी बजट'



कर्नाटक सीएम सिद्धारमैया ने विधानसभा में राज्य का बजट पेश किया। उन्होंने बजट में एलान किया कि कुल व्यय 3,27,747 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। जिसमें 2,50,933 करोड़ रुपये का राजस्व व्यय, 54,374 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय और 22,441 करोड़ रुपये का ऋणों के भुगतान के मद होने वाला व्यय शामिल है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने राज्य का बजट पेश किया जो 10 मई को विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की भारी जीत के बाद राज्य में कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद पहला बजट है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया राज्य का बजट पेश करने के लिए बेंगलुरु के विधानसभा पहुंचे। कर्नाटक के मंत्री एचके पाटिल ने कहा, 'लोगों को हम से बहुत उम्मीदें और भरोसा है। कांग्रेस पार्टी ने कर्नाटक और देश में अपनी विश्वसनीयता बनाई है। मुझे यकीन है कि हम इसे पूरा करने में सक्षम होंगे। लोग बजट की सराहना करेंगे। मुख्यमंत्री के रूप में सिद्धारमैया का यह सातवां बजट है, इससे पहले उन्होंने 2013 से 2018 तक कर्नाटक के मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान छह बजट पेश किए थे। इससे पहले इसी महीने सीएम सिद्धारमैया ने घोषणा की थी कि हर साल लगभग 50,000 करोड़ रुपये की लागत से सभी 'पांच गारंटी' चालू वित्त वर्ष में लागू की जाएंगी। उन्होंने कहा, 'हमने लंबी चर्चा की। यह इसी वित्त वर्ष में दिया जाएगा।" बजट पेश होने से पहले कांग्रेस विधायक दल की बैठक हुई। बैठक में सीएम सिद्धारमैया, डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार और अन्य मंत्री भी मौजूद रहे।

## QUIZ

**1. 'अंत्योदय श्रमिक सुरक्षा योजना' का पायलट प्रोजेक्ट किस राज्य में लॉन्च किया गया है।**

**(a) उत्तर प्रदेश**

(b) तमिलनाडु
(c) केरल
(d) गुजरात

गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और केंद्रीय संचार राज्य मंत्री देवुसिंह चौहान ने श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा को सुनिश्चित करने वाली 'अंत्योदय श्रमिक सुरक्षा' दुर्घटना बीमा योजना के पायलट प्रोजेक्ट को लॉन्च किया। अंत्योदय श्रमिक सुरक्षा योजना के अंतर्गत 289 और 499 रुपए के प्रीमियम में श्रमिकों को मृत्यु या आंशिक विकलांगता की स्थिति में सहायता मिलेगी। दुर्घटना में श्रमिक की मृत्यु होने पर उसके उत्तराधिकारी को 10 लाख रुपए की सहायता दी जाएगी।

**2. विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आगामी राज्यसभा चुनाव के लिए किस राज्य से नामांकन किया है?**

(a) उत्तर प्रदेश
(b) तमिलनाडु
(c) गुजरात
(d) केरल

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आगामी राज्यसभा चुनाव के लिए गुजरात के गांधीनगर में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया. भारत निर्वाचन आयोग ने हाल ही में गोवा, गुजरात और पश्चिम बंगाल की 10 राज्यसभा सीटों पर 24 जुलाई को होने वाले चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा की थी. इन राज्यों से दस सदस्य जुलाई और अगस्त में रिटायर हो रहे है. राज्यसभा की रिक्त सीटों के लिए नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 13 जुलाई है. वोटों की गिनती 24 जुलाई को की जाएगी.

**3.. 'लार्ड हनुमान' को किस चैंपियनशिप का आधिकारिक शुभंकर घोषित किया गया है?**

(a) एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप
(b) क्रिकेट एशिया कप
(c) डेविस कप
(d) वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप

एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आधिकारिक शुभंकर 'लार्ड हनुमान' (Lord Hanuman) को घोषित किया गया है. इसका आयोजन एशियाई एथलेटिक्स संघ की स्थापना की 50वीं वर्षगांठ पर किया जा रहा है. 25वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 का लोगो खेलों में भाग लेने वाले एथलीटों के समर्पण और खेल कौशल के प्रदर्शन को दर्शाता है. शॉट पुटर तजिंदरपाल सिंह तूर और लॉन्ग जम्पर मुरली श्रीशंकर के नेतृत्व में भारत चैंपियनशिप में भाग ले रहा है.

**4. भारत ने किस देश के साथ रुपये में द्विपक्षीय व्यापार की शुरुआत की है?**

(a) भूटान
(b) श्रीलंका
(c) नेपाल
(d) बांग्लादेश

भारत और बांग्लादेश ने रुपये में द्विपक्षीय व्यापार शुरू कर दिया है. इसकी शुरुआत, ढाका में बांग्लादेश बैंक और भारतीय उच्चायोग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित एक कार्यक्रम में की गयी. ढाका में भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा ने कहा कि भारत और बांग्लादेश अमेरिकी डॉलर में सामान्य लेनदेन पद्धति के साथ-साथ भारतीय रुपये में भी व्यापार करेंगे. बांग्लादेश दक्षिण एशिया में भारत का सबसे बड़ा बिज़नेस पार्टनर है और भारत एशिया में बांग्लादेश का दूसरा सबसे बड़ा बिज़नेस पार्टनर है.

**5. इंडियन प्रीमियर लीग की सबसे मूल्यवान फ्रेंचाइजी कौन है?**

(a) मुंबई इंडियन्स
(b) चेन्नई सुपर किंग्स
(c) रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर
(d) गुजरात टाइटन्स

इंडियन प्रीमियर लीग का स्टैंड-अलोन ब्रांड वैल्यू बढ़कर अब 3.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है, जो 2022 में 1.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर से 80% अधिक है. वैश्विक निवेश बैंक हुलिहान लोकी (Houlihan Lokey) ने अपने आईपीएल ब्रांड वैल्यूएशन स्टडी 2023 में इस बात की पुष्टि की है. वर्तमान आईपीएल चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स की ब्रांड वैल्यू अन्य आईपीएल टीमों की तुलना में सर्वाधिक है. CSK, 212 मिलियन डॉलर की ब्रांड वैल्यू के साथ लिस्ट में टॉप पर है. इसके बाद आरसीबी और एमआई का स्थान है.

**6. किस देश में 'गुइलेन-बैरे सिंड्रोम' के चलते राष्ट्रीय स्वास्थ्य आपातकाल की घोषणा की गयी है?**

(a) क्यूबा
(b) ब्राजील

(c) चिली
(d) पेरू
पेरू ने न्यूरो संबंधी डिसऑर्डर गुइलेन-बैरे सिंड्रोम (Guillain-Barre syndrome) के मामलों में वृद्धि के कारण 90 दिनों के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आपातकाल की घोषणा की है. गुइलेन-बैरी सिंड्रोम एक दुर्लभ तंत्रिका संबंधी विकार है जिसमें शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली, तंत्रिकाओं को प्रभावित करती है. पेरू एक दक्षिण अमेरिकी देश है, इसकी राजधानी 'लिमा' है.

**7. वर्ल्ड शूटिंग पैरा स्पोर्ट्स वर्ल्ड कप में किस खिलाड़ी ने गोल्ड मेडल जीता है?**
(a) वैभव सिन्हा
(b) रुद्रांश खंडेलवाल
(c) निहाल सिंह
(d) मृदुल सक्सेना
भारत के पैरा-निशानेबाज रुद्रांश खंडेलवाल ने वर्ल्ड शूटिंग पैरा स्पोर्ट्स वर्ल्ड कप के पी4 मिश्रित 50 मीटर पिस्टल एसएच1 कैटेगरी में गोल्ड मेडल जीता. वहीं निहाल सिंह ने इसी इवेंट में सिल्वर मेडल अपने नाम किया. 16 वर्षीय रुद्रांश ने फाइनल में 231.1 का स्कोर बनाकर इस स्पर्धा में विश्व रिकॉर्ड भी बनाया, जबकि निहाल 222.2 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहे. रुद्रांश ने खेल रत्न पुरस्कार विजेता मनीष नरवाल का विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया, जिन्होंने 2020 टोक्यो पैरालंपिक खेलों में स्वर्ण पदक जीता था.

**8. तीसरा विश्व हिंदू सम्मेलन का आयोजन कहा पर किया जाएगा ?**
(a) कनाडा
(b) श्रीलंका
(c) अमेरिका
(d) बैंकांक
तीसरा वर्ल्ड हिंदू कांग्रेस इसी साल नवंबर में होने जा रहा है। इसमें उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत और मां अमृतानंदमयी के साथ-साथ पूरी दुनिया से हिंदू संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इसके साथ ही दुनिया के प्रमुख बौद्ध गुरुओं को भी आमंत्रित किया गया है।

**ONE LINER**

हाल ही में किसके द्वारा सूर्यमंडलीय निकायों की समीक्षा हेतु 'यूक्लिड स्पेस टेलीस्कोप' लॉन्च किया गया है - ईएसए
तीसरा विश्व हिंदू सम्मेलन का आयोजन कहा पर किया जाएगा - बैंकांक
अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (IFSCA) के नए अध्यक्ष के रूप किसे चुना गया है - के. राजारमन
केंद्र सरकार ने जून, 2024 तक एक और साल के लिए किस देश से बिना लाइसेंस के आलू के आयात की अनुमति दे दी है - भूटान
कौनसा देश भारत में अपने दो नए वाणिज्य दूतावास खोलेगा - अमेरिका
क्रेडिट कार्ड आधारित UPI भुगतान की अनुमति देने वाला पहला PSB बना है - केनरा बैंक
छठी युवा महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप किसने जीती - हरियाणा
छत्तीसगढ़ और राजस्थान की राज्य सरकारों ने राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए कितने फीसदी महंगाई भत्ते (DA) में बढ़ोतरी की है - 5 फीसदी
छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम नियुक्त हुए - टीएस सिंह देव
ब्रिक्स सीसीआई महिला वर्टिकल के अध्यक्ष के रूप में किसे नियुक्त किया गया है - रूबी सिन्हा